## सार-समाचार

### 'अस्थमा से अब डरें नहीं, सलाह का पालन करें'

**झुंझुनूं,** (निसं)। वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. राजीव दूल्लड़ ने कहा कि अस्थमा कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, बल्कि सही उपचार, अनुशासन और जीवनशैली से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आज के समय में अस्थमा के मरीज भी सामान्य जीवन जी सकते हैं, बशर्ते वे नियमित रूप से दवा लें और डॉक्टर की सलाह का पालन करें। डॉ. दुल्लड़ ने बताया कि अस्थमा में सांस लेने में तकलीफ, सीने में जकड़न, खांसी और सीटी जैसी आवाज के साथ सांस चलने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। यह रोग अक्सर बदलते मौसम, धूल-मिट्टी, धुएं, परागकण और प्रदूषण के कारण बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि पहले लोग इस बीमारी से डरते थे, लेकिन अब चिकित्सा विज्ञान ने इतनी प्रगति कर ली है कि अस्थमा को पूरी तरह नियंत्रण में रखा जा सकता है। उन्होंने इनहेलर से जुड़ी आम भ्रांति पर भी प्रकाश डाला। डॉ. दूल्लड़ ने कहा कि अधिकांश लोग इनहेलर को जीवनभर न छूटने वाला पंप समझते हैं। जबकि यह पूरी तरह गलत धारणा है। वास्तव में इनहेलर सबसे सुरक्षित और कम मात्रा में दवा देने वाला उपकरण है। जहां सामान्य दवाइयों में दवा की मात्रा मिलीग्राम में होती है। वहीं इनहेलर में दवा की मात्रा माइक्रोग्राम में होती है, यानी हजार गुना कम। उन्होंने कहा कि इनहेलर और कंट्रोलर दवाएं फेफड़ों की सूजन को कम करती हैं और मरीज को सामान्य जीवन जीने में मदद करती हैं। योग, प्राणायाम और नियमित व्यायाम भी अस्थमा नियंत्रण में उपयोगी हैं। डॉ. दुल्लड ने कहा, अस्थमा से डरने की नहीं, बल्कि समझदारी से निपटने की जरूरत है। जागरूकता और अनुशासन ही अस्थमा के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है।

### गुरु पर्व का भव्य आयोजन

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती के पावन अवसर पर गुरु पर्व का भव्य और उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक निर्मल कलेर ने बताया कि इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन मूल्यों और आदर्शों को याद किया और उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर प्रिंस इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने सभी को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने, सच्चाई के मार्ग पर चलने और सभी धर्मों का सम्मान करने की प्रेरणा देता है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए एक बेहतर समाज का निर्माण करना चाहिए।'' कार्यक्रम का आरंभ गुरु गोबिंद सिंह जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। विद्यार्थियों ने भक्तिपूर्ण माहौल में शबद कीर्तन प्रस्तुत किया। जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। गुरु जी के जीवन पर प्रकाश: स्कूल के शिक्षकों और कुछ छात्रों ने गुरु गोबिंद सिंह जी के साहस, त्याग, और धर्म की रक्षा के लिए किए गए महान कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार गुरु जी ने खालसा पंथ की स्थापना करके लोगों को एकता और निडरता का पाठ सिखाया। कई छात्रों ने गुरु जी के उपदेशों पर आधारित प्रेरक भाषण और कविताएं प्रस्तुत की। जिन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा, महेंद्र सैनी व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय साहित्य सृजन मंच का चतुर्थ महाधिवेशन 15 को

**चिड़ावा,** (निसं)। अखिल भारतीय साहित्य सृजन मंच खगड़िया (बिहार) की ओर से दो दिवसीय चतुर्थ महाधिवेशन का आयोजन आगामी 15 एवं 16 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। इस दो दिवसीय आयोजन में साहित्यिक चर्चा, कवि सम्मेलन तथा देश के प्रमुख लेखकों, कवियों, साहित्यकारों एवं पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। महाधिवेशन के लिए देश भर के प्रतिष्ठित कलमकारों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के सचिव शिवकुमार सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष राजस्थान के चिड़ावा निवासी सामाजिक चिंतक, अन्वेषी लेखक, पत्रकार महेश कुमार शर्मा आजाद को उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए ''कोशी मंच गौरव सम्मान'' से अलंकृत किया जाएगा। शर्मा को यह सम्मान मंच के वार्षिक अधिवेशन के दौरान प्रदान किया जाएगा। यह दो दिवसीय महाधिवेशन मधुमिता विवाह भवन, पिपरा, चौथम, खगड़िया में आयोजित होगा। मंच ने अपने इस आयोजन में देश के विभिन्न प्रदेशों से साहित्य प्रेमियों, लेखकों और सांस्कृतिक रचनाकारों को आमंत्रित किया है। मंच के पदाधिकारियों का कहना है कि यह आयोजन केवल सम्मान का नहीं, बल्कि साहित्य और संस्कृति के उत्सव का प्रतीक है। देशभर के लेखक एक साझा मंच पर मिलेंगे, जो भारतीय साहित्य की दिशा तय करेगा।

### शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) जिला शाखा झुंझुनूं द्वारा बुधवार को चित्रकूट कॉलोनी रोड नंबर तीन स्थित नोबल आयुर्वेदिक हॉस्पिटल परिसर में दीपावली स्नेह मिलन एवं नवगठित जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भव्य रूप में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. जितेंद्र स्वामी रहे। बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा, डॉ. नवीन कुमार मिश्र और डॉ. अश्विनी कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में संरक्षक डॉ. राजेंद्र कुमावत एवं संगठन सलाहकार डॉ. जगदीश चौधरी ने भी अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र कुमावत ने नवगठित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के पश्चात दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जिलेभर के सैंकड़ों आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी उत्साहपूर्वक शामिल होकर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित हुए सभी ने अध्यक्ष डॉ. महेश कुमार झाझड़िया के साथ मिलकर संगठन की एकता के साथ आयुर्वेद चिकित्सा के विकास एवं प्रचार-प्रसार कर जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और मिलकर हर समस्या के समाधान के लिए एकजुट रहने का भरोसा दिलाया।

### सीकर में गुटखा-पान मसाला पर कार्रवाई

**सीकर,** (निसं)। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि कोटपा एक्ट के तहत नगर परिषद सीकर की टीम ने पिपराली रोड क्षेत्र में औचक कार्रवाई करते हुए बडी मात्रा में गुटखा, पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू उत्पाद जब्त किए। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र शिक्षा नगरी के रूप में प्रसिद्ध है, जहाँ हजारों विद्यार्थी प्रतिदिन आवागमन करते हैं। विद्यार्थियों को नशे की लत से बचाने के उद्देश्य से परिषद टीम ने यह अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान दर्जनों दुकानों पर छापेमारी की गई और प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर दुकानदारों के चालान काटे गए। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि पिपराली रोड शिक्षा हब है, इसलिए नशे के सामान की बिक्री पर सख्त रोक लगाना आवश्यक है। भविष्य में किसी दुकान पर प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त शर्मा ने कहा कि यह अभियान विद्यार्थियों को नशे की लत से दूर रखने और शिक्षा नगरी की पहचान को बनाए रखने के लिए आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस दौरान राजस्व अधिकारी प्रमोद सोनी, सहायक कर्मचारी सुरेश मिठारवाल, प्रवर्तन दस्ता टीम और अन्य नगर परिषद कर्मी उपस्थित रहे।

### एसआईआर की जानकारी दी

**रतनगढ़** (निसं)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के निर्देशानुसार उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी सोमदत्त दीक्षित ने बुधवार को चूरू जिले के रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया तथा शहरी क्षेत्र में स्थानीय मतदाताओं से संपर्क कर एसआईआर- 2026 के बारे में चर्चा की। उन्होंने बीएलओ व निर्वाचन गतिविधियों से जुड़े अधिकारियों को एसआईआर-2026 के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देशानुसार सभी गतिविधियां समयबद्ध व समुचित ढंग से संपादित करने की बात कही। इसी क्रम में स्थानीय मतदाताओं से एसआईआर-2026 के संबंध में चर्चा करते हुए अधिकतम भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कमज़ोर प्रगति वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीएलओ के सम्बलन हेतु बैठक में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। ईआरओ मिथलेश ने रतनगढ़ में एसआईआर-2026 गतिविधियों की जानकारी दी।

### समस्या समाधान शिविर निरस्त

**सीकर** (निसं)। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर कर्नल बिजेंद्र सिंह महला ने बताया कि 7 नवम्बर 2025 को पूर्व सैनिक व वीरांगनाओं की समस्या समाधान शिविर ग्राम पंचायत खींवासर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित। उन्होंने बताया कि इस तिथि को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने के कारण समस्या समाधान शिविर को आगामी आदेशों तक निरस्त किया जाता है।

## सांसद कस्वां ने केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात की

**सुजानगढ़** (निसं)। सुजानगढ़ के गोदाम में अतिवृष्टि के बाद खराब अन्नाज को शिफ्ट नहीं करने व गोदाम के लेवल में सुधार करवाकर भविष्य के हिसाब से तैयार करने के लिये सांसद राहुल कस्वां की केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात की।

सांसद राहुल कस्वां ने केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात कर सुजानगढ़ में अतिवृष्टि से गोदाम में खराब हुए अन्नाज और उसके बाद अन्नाज की शिफ्टिंग नहीं होने से उत्पन्न स्थिति से अवगत करवाया।

सांसद कस्वां ने कहा कि संसदीय क्षेत्र के सुजानगढ़ में हुई अतिवृष्टि से जलभराव के बाद एफ.सी.आई. गोदाम में अन्नाज की बोरियों के खराब होने के बाद उन्हें अभी तक अन्यत्र शिफ्ट नहीं किया गया है। खराब हुए अन्नाज के बाद गोदाम में भयंकर दुर्गन्ध से आस-पास रहने वाले लोगों का जीवन यापन बेहाल है। यहां अनेकों प्रकार की बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। लगातार यह विषय उठाने के बावजूद अभी तक कोई एक्शन नहीं हुआ है। अतः उच्चाधिकारियों टीम भेजकर त्वरित जांच करवाई जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए खिलाफ कडी कार्यवाही अमल में लाई जाए।

सांसद ने केन्द्रीय मंत्री से कहा कि गोदाम में खराब हुए अन्नाज को जल्द से जल्द शिफ्ट करवाकर इसका उचित निस्तारण करवाया जाए; ताकि इस खराब अन्नाज को किसी तरह से उपयोग में नहीं लिया जा सके। क्योंकि खराब अन्नाज का उपयोग करने से स्वास्थ्य सम्बन्धि दिक्कतें पैदा हो सकती हैं। इस गोदाम सहित आस-पास के क्षेत्र को सैनेटाइज़ करवाने की व्यवस्था भी करवाई जाए।

साथ ही सांसद ने कहा कि गोदाम जहां स्थित है वो लो लाइन एरिया है। यहां थोड़ी बारिश में भी जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। अतः इस गोदाम का लेवल ऊंचा करवाया जाए; ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

केन्द्रीय मंत्री ने सांसद कस्वां को आश्वस्त किया है कि जल्द से जल्द इस विषय में कार्यवाही की जाएगी।



सुजानगढ़ के गोदाम में अतिवृष्टि के बाद खराब अनाज को शिफ्ट नहीं करने व गोदाम के लेवल में सुधार करवाकर भविष्य के हिसाब से तैयार करने के लिये सांसद राहुल कस्वां की केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात की।

## एआईएमआईएम ने झुंझुनूं में निकाय चुनाव की तैयारी शुरू की

**झुंझुनूं,** (निसं)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने राजस्थान के झुंझुनूं जिले में आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए अपनी कमर कस ली है। पार्टी ने चुनाव से काफी पहले ही अपनी संगठनात्मक तैयारियों को धार देते हुए, जिले की कार्यकारिणी की घोषणा की है। एआईएमआईएम राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष जमील खान की सहमति और झुंझुनूं जिला संयोजक मकबूल हुसैन के निर्देशानुसार कार्यकारिणी गठित की गई है। झुंझुनूं जिला प्रभारी मकबूल हुसैन ने बताया कि भले ही नगर निकाय चुनाव में अभी लंबा वक्त हो, लेकिन एआईएमआईएम ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी इस बार पूरे जिले में पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। पार्टी का विशेष ध्यान झुंझुनूं नगर परिषद के साथ-साथ जिले की महत्वपूर्ण नगर पालिकाओं जैसे बिसाऊ, मंडावा, नवलगढ, मुकुंदगढ, मंड्रेला, सुलताना और मलसीसर पर केंद्रित रहेगा। नई कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष सैयद गुलाम नबी, उपाध्यक्ष एडवोकेट सुहैल तंवर, एडवोकेट समीर सैयद, सलीम खानजादा, मोहम्मद शौयब लंगा, अकील कुरैशी, शहादत हुसैन भाटी, महमूद अली रंगरेज, हारून चायल, यूनुस रंगरेज, तौफीक खत्री, अब्दुल लतीफ लुहार, महासचिव वसीम कुरैशी, मोहम्मद आदिल, आबिद अली, इमरान खान अगवान, अकबर वहाब, जाकिर रंगरेज, आसिफ अली, जाहिद खान, मोहम्मद आबिद, सचिव समीर अहमद, इकसार हुसैन, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद रमजान, तालिब हुसैन, आमीन, जुबेर अली, मोहम्मद आरिफ, अयूब अली, खादिम खां कायमखानी, मोहम्मद इकबाल, संयुक्त सचिव असलम सिलावट महनसर, कुरैशी को बनाया गया है।

## मोरपाल सुमन के लिए जनसंपर्क किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। अंता विधानसभा क्षेत्र के केवट, कहार, कीर, भोई समाज बाहुल्य गांवों में सामाजिक प्रवास पर झुंझुनूं से पहुंचे भाजपा नेता सुभाष कश्यप में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन के पक्ष में वोट मांगे। चंबल, कालीसिंध व पार्वती नदी किनारे आबाद कीर केवट समाज के पालयथा, खान की झोंपडियां, रायपुरिया, पाटौंदा, सिसवाली, भैरूपुरा, मानपुरा, खरखडा, सोरसन आदि गांवों में राजस्थान भाजपा के अभियान मॉनिटरिंग प्रमुख सुभाष कश्यप ने अपनी टीम में प्रभात कश्यप कोटा, मोहन मेहरा टोंक, दिनेश कीर, हेमंत कहार आदि के साथ नुक्कड़ सभाएं कर भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की।

## 'भगवान कण कण में है, यही भागवत का मूल भाव है'

**झुंझुनूं,** (निसं)। संतश्री हरिशरण जी महाराज की संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन झुंझुनूं के निकटवर्ती ग्राम कालीपहाड़ी में छह नवंबर गुरुवार तक कथा स्थल इतिहासकार रघुनाथ सिंह जी का निवास स्थान पर किया जा रहा है।

जिसमें कथा के छठे दिवस बुधवार को सुबह पांच बजे आयोजित प्रवचन कार्यक्रम एवं इसके पश्चात आयोजित प्रभात फेरी में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, सुनील पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन से संगीता प्रदीप पाटोदिया, टायल व्यवसायी कमल केजडीवाल, प्रभात फेरी परिवार झुंझुनूं से कुंदन सिंगड़ोदिया, निर्मल मोदी, सुभाषचंद्र जालान एवं पोकरमल सैनी आदि ने उपस्थित होकर महाराज जी के प्रवचनो को सुनकर धर्म लाभ प्राप्त किया। व्यासपीठ से प्रवचन देते हुए महाराजश्री ने बताया कि भगवान कण कण में है। यही भागवत का मूल भाव है। उन्होंने नानी बाई के मायरे की कथा का संक्षिप्त विवरण बताते हुए कहा कि किस प्रकार भगवान ने मायरा भरा था।

उन्होंने कहा कि धन का शुद्धिकरण उसी तरह आवश्यक है। जिस तरह धन कमाना, इसलिए कहा गया है कि सामाजिक सेवा कार्य करने से ही धन की शुद्धि होती है जो हर व्यक्ति को करनी चाहिए।


उन्होंने बताया कि पुराने जमाने में सभी सेठ साहूकार, राजा महाराजे भी धन का शुद्धिकरण सेवा कार्यों में ही करते थे और आज तो सरकार ने भी बड़ी बड़ी कंपनियों पर सेवा कार्य करने के लिए सीएसआर के नाम से फंड बनाकर सेवा कार्य करने की योजना को कार्यान्वित कर दिया है। संत हरिशरण जी ने कहा कि व्यक्ति को कभी भी अपने ऊपर अभिमान नहीं करना चाहिए समय आता जाता रहता है हमेशा सम भाव रखना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. डीएन तुलस्यान एवं झुंझुनूं के अन्य जन ने व्यासपीठ पर संतश्री का साफा एवं शॉल ओढाकर माल्यार्पण के साथ स्वागत अभिनंदन किया एवं व्यासपीठ से महाराज जी के हाथों उपस्थित कुछ आयोजक एवं ग्रामवासियों को भी दुपट्टे ओढवाकर कृष्ण-राधा का प्रतीक चिह्न भेंट करवाया। प्रवचन कार्यक्रम के पश्चात महाराज जी के सानिध्य में सभी भक्तजनों ने प्रभातफेरी में भाग लिया। जगह जगह संत श्रीहरिशरण जी महाराज का पुष्प वर्षा से ग्रामवासियों ने स्वागत किया।

## संगीतमय सुंदर पाठ का आयोजन

**चिड़ावा,** (निसं)। शहर के भायला हनुमान मंदिर महालक्ष्मी धाम पोद्दार पार्क में एक दिवसीय धार्मिक आयोजन की शृंखला में विशाल संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन सम्पन्न हुआ। धाम के महंत वाणी भूषण प्रभुशरण तिवाडी के सानिध्य में आचार्य सुनिल शर्मा, चंद्रमौली पचरंगिया, गायक हीरालाल शास्त्री, श्याम राणा के साथ भक्तों ने सस्वर सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य यजमान मुंबई प्रवासी शिवकुमार पोद्दार एवं आनंद पोद्दार को आचार्य सुनिल शर्मा ने सपत्निक वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य देव पूजन करवाया। पाठ से पूर्व धाम के महंत तिवाड़ी द्वारा शिवकुमार पोद्दार एवं आनंद पोद्दार का माला पहनाकर व दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया व मुंबई से आई भक्तों की टोली का स्वागत किया गया। सुंदरकांड पाठ के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभाष शर्मा, सत्यनारायण चौधरी, महेश पोद्दार, वैद्य जनार्दन शर्मा, शिवलाल सैनी, गिरधर गोपाल महमिया, कैप्टन शंकरलाल महरानिया, तेजप्रकाश सोनी, रामनिवास जांगिड़, अनिल लांबीवाला, आनंद-देवानंद चौधरी, प्रवीण पोद्दार, कैलाश सैनी, रत्तिराम राजोतिया, कांतिप्रसाद हलवाई, सुशील फतेहपुरिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे।

## अनाथ आश्रम में खाद्य सामग्री के किट वितरित किये



अनाथ आश्रम में खाद्य सामग्री के किट वितरित किये।

**तारानगर** (निसं)। डेरा सच्चा के वर्तमान गद्दीनशीन पूज्य गुरु संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिँह जी इंसा की पावन प्रेरणा वचनो पर चलते हुए तारानगर की एमएसजी हाइटेक गुरुकुल गर्ल्स स्कूल के स्टाफ ने डेरा सच्चा के संस्थापक बेपरवाह शाह मस्ताना जी महाराज के जन्म दिवस पर कस्बे के भाग्य श्री अनाथ आश्रम में रहने वाले बेसहारा मंदबुध्दि लोगों के लिए खाद्य सामग्री की राशन किट वितरित की।

प्रिंसिपल हिमांशु रानी इंसा ने कहा ये प्रेरणा हमें हमारे गुरूजी से मिली है जिनके द्वारा 170 मानवता भलाई के कार्य चलाये जा रहे है। आश्रम के संचालक सुभाष पूनियाँ ने इस नेक कार्य के पूज्य गुरूजी का धन्यवाद ज्ञापित किया। स्कूल की अध्यापिकाओं ने बच्चों को आश्रम का भ्रमण भी करवाया एवं कहा बच्चे अपने माता पिता की सेवा करें, माता पिता को अकेला न छोड़े इनकी सेवा सबसे प्रथम सेवा है। इस मोके पर रीना, सोनिका, अमिता, पुष्पा, शोरभ, भारतलाल सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

## 134 जरूरतमंद लोगों को कंबल दिए

**तारानगर** (निसं)। सर्वधर्म संगम डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक बेपरवाह साईं शाह मस्ताना जी महाराज के 134वें पवित्र अवतार दिवस का भंडारा बुधवार को शाह सतनाम-शाह मस्ताना जी धाम, डेरा सच्चा सौदा सिरसा सहित देश-दुनिया में एमएसजी भंडारे के रूप में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम में भारी संख्या में साध-संगत ने भाग लेकर साईं जी के अवतार महीने की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम के दौरान साध-संगत ने पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पवित्र शिक्षाओं पर चलते हुए मानवता भलाई कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्लाथ बैंक मुहिम के अंतर्गत 134 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए।

वहीं शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में निशुल्क जन कल्याण परमार्थी चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हृदय रोग सहित विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। शिविर में मरीजों का फ्री चैकअप किया गया और दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गईं। साथ ही अस्पताल में विभिन्न चिकित्सीय जांच पर विशेष छूट भी प्रदान की गई। नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र नारे और अरदास के साथ हुई। इसके पश्चात कविराजों ने भजनवाणी के माध्यम से गुरु महिमा का गुणगान किया। तत्पश्चात सत्संग पंडाल में लगाई गई बड़ी एलईडी स्क्रीनों के माध्यम से पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने साध-संगत को अपने पवित्र वचनों से लाभान्वित किया।

इससे पूर्व समस्त साध-संगत ने धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का इलाही नारा लगाकर पूज्य गुरु जी को एमएसजी अवतार भंडारे की बधाई दी। नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम के दौरान साईं जी के जीवन से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री भी चलाई गई। जिसे देखकर साध-संगत भाव-विभोर हो गई।

## पूर्व सांसद के आश्रम में चोरी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**सीकर** (निसं)। सीकर के पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती के आश्रम में चोरी मामले में दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह अभी कोटपूतली में कचरा बीनने का काम कर रहा था।

पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती के आश्रम में 3 महीने पहले चोरी हुई थी। मामले में दादिया पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने डीएसटी टीम के सहयोग से मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी चोर हरि उर्फ हरिया को कोटपूतली में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।

दादिया थाना बुद्धिप्रसाद के अनुसार 1 अगस्त को सत्यवीर सिंह ने पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। इसमें बताया कि वह वैदिक आश्रम पिपराली की 25 वर्ष से रखवाली करता है।

एफआईआर के अनुसार 1 अगस्त को अलसुबह 5:30 बजे वह घूम रहा था, तब उसने देखा कि पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती की गाडी के पास सामान बिखरा है। गाडी भी खुली हुई है। गाड़ी में से कई डॉक्यूमेंट गायब थे। पास ही खड़ी बाइक में भी डुप्लीकेट चाबी लगी मिली।

सत्यवीर सिंह को शक हुआ तो उसने कमरों में भी देखा। कमरों में भी सामान बिखरा हुआ था। इसके बाद जब सीसीटीवी फुटेज देखे तो पता चला- रात करीब 3 बजे एक संदिग्ध युवक ने दीवार फांदकर आश्रम में प्रवेश किया। उसके मुंह पर काला कपड़ा बंधा हुआ था। हाथ में लोहे की रोड जैसा कुछ था। वह पूर्व सांसद के कमरे के सामने भी घूमता हुआ नजर आया। पुलिस ने रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू की।

**पुलिस ने आरोपियों पर रखा था 10 हजार का इनाम:-** मामले में एसपी ने 25 सितंबर को आरोपियों पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी धुड़ाराम को नीमकाथाना इलाके में दबिश देकर गिरफ्तार किया था। उसने पुलिस पूछताछ में बताया कि घटना के दौरान हरि उर्फ हरिया उर्फ विकास (28) पुत्र रुघनाथ बावरिया भी उसके साथ शामिल था।

पुलिस टीम ने हरि की तलाश में कई बार दबिश दी। लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया। 3 दिन पहले पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी शाहपुरा में अस्पताल के पास आया हुआ है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की लोकेशन निकाली तो वह पहले पाटन और उसके बाद पावटा होते हुए कोटपूतली की मिली। कोटपूतली में पुलिया के नीचे दबिश देकर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

## प्रकाश पर्व मनाया

**सीकर** (निसं)। सीकर में गुरु नानक देव के 556वें प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारों में शबद कीर्तन किया गया। प्रमुख गुरुद्वारों में विशेष सजावट की गई और धार्मिक झांकी निकाली गई। गुरु नानक देव का बुधवार को 556वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। सुबह से ही गुरुद्वारों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देव के शबद कीर्तन में हिस्सा लिया।

सीकर शहर के प्रमुख गुरुद्वारों में विशेष सजावट की गई। धार्मिक झांकी निकाली गई, जिसमें संगत ने हिस्सा लेकर गुरु परंपरा का संदेश दिया। गुरुद्वारा परिसर में लंगर का आयोजन किया गया, जहां सभी धर्मों के लोगों ने मिलकर लंगर चखा।

सिख धर्म के गुरुओं ने धार्मिक प्रवचनों में गुरु नानक देव के उपदेशों को याद किया। इनमें समानता, सद्भाव और सच्चाई के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। शहरभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और प्रशासन ने त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग दिया। समाज के लोग दीपक और रोशनी से घरों को सजा रहे हैं। सीकर में गुरु नानक देव जयंती का पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। बच्चे और युवाओं ने लंगर व अन्य सेवा कार्यों में उत्साहपूर्वक योगदान दिया। गुरुनानक देव के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर सीकर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत शहर के रामलीला मैदान स्थित गुरुद्वारे में भी आयोजन किया गया।

## गुरु नानक जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई

**नीमकाथाना** (निसं)। नीमकाथाना, दिल्ली बाईपास पर स्थित गुढ़ा पब्लिक स्कूल, में प्रथम सिख गुरु नानक देव की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर को फूलों, रंगोली और आध्यात्मिक झंडों से सुसज्जित किया गया। पूरे वातावरण में भक्ति और सकारात्मकता का संचार दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुबाणी की मधुर धुनों और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव के जीवन, शिक्षाओं और उनके मानवता, सत्य एवं समानता के संदेशों पर आधारित नाट्यय प्रस्तुति, कविताएं और भजन पेश किए। नाम जपो, किरत करो और वंड छको एक ओंकार सतनाम-अर्थात्, ईश्वर एक है और सत्य ही उसका नाम है के संदेश को मंच के माध्यम से बच्चों ने बेहद भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।

गुढ़ा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने बताया कि गुरु नानक देव ने सदा मानवता, प्रेम, समानता और सच्चाई का संदेश दिया। उन्होंने कहा उनकी शिक्षाएँ आज भी हमें भाईचारा, शांति और सद्भावना का संदेश देती हैं। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए,सत्य बोलना, परिश्रम करना, और दूसरों की सहायता करना ही उनके उपदेशों का सार है। वहीं निदेशक के सत्येंद्र ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु नानक देव ने हमेशा इंसानियत को सर्वोपरि माना। उनके उपदेश केवल धार्मिक नहीं, बल्कि मानवता के विकास के लिए सार्वभौमिक संदेश हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे गुरु नानक देव के बताए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम, सहयोग और भाईचारे का वातावरण बनाएं। प्रधानाचार्य पी. के. भाटी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु नानक देव का जीवन हमें निःस्वार्थ सेवा, सत्यता और समानता का पाठ पढ़ाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव के सिद्धांत आज भी समाज में सद्भाव और शांति स्थापित करने की दिशा में मार्गदर्शन करते है।।

भाटी ने कहा कि उन्होंने हमें बताया कि सब में जोत जोत है सोई, अर्थात हर व्यक्ति में वही ईश्वर विद्यमान है। इसलिए किसी के साथ भेदभाव या द्वेष रखना ईश्वर का अपमान है। आज के समय में जब समाज में तनाव, असहिष्णुता और स्वार्थ बढ़ रहा है, ऐसे में गुरु नानक की शिक्षाएं पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं।

हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए प्रेम, भाईचारे और सेवा का भाव अपनाना चाहिए। आइए, हम सब संकल्प लें कि हम अपने जीवन में सत्य, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलकर गुरु नानक देव के उपदेशों को आत्मसात करेंगे।वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह! गुढ़ा पब्लिक स्कूल में इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि विद्यार्थियों के मन में सदाचार, सेवा और सत्य के प्रति आस्था भी जागृत की। इस मौके पर विद्यालय प्रशासक अजय धायल, सीनियर कॉर्डिनेटर दिनेश कुमार शर्मा, मिडिल कॉर्डिनेटर वर्षा प्रजापति, शिक्षक गण व अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ (चूरू)**

E-Mail Address-conp.sdlp@yahoo.in, Fax & Phone:-01559-222039

क्रमांकः- न.पा.रा./भूमि /2025-26/5600-5601 **आपत्ति सूचना** दिनांक :- 04.11.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा निम्नप्रकार की पत्रावलियों की किस्म का आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस संबन्ध में आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ (चूरू) में सम्पर्क करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपत्ति विचारनीय नहीं होगी। विवरण निमननुसार है।

| क्र. सं. | पत्रावली संख्या | आवेदक का नाम | क्षैत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 68/04.11.2025 | इमरान पुत्र लाल मोहम्मद, वार्ड नं. 1., राजगढ (चूरू) | 53.27 वर्गमीटर | 69 क व्यवसायिक |
| 2 | 69/04.11.2025 | लाल मोहम्मद पुत्र सारू खां, अफरोज बानो व इमरान, इरफान खान पत्नी व पुत्रगण लाल मोहम्मद, वार्ड नं. 10, राजगढ (चूरू) | 315.86 वर्गमीटर | 69 क व्यवसायिक |
| 3 | 70/04.11.2025 | इमरान व इरफान खान पुत्रगण लालमोहम्मद वार्ड नं. 10, राजगढ (चूरू) | 446.93 वर्गमीटर | 69 क व्यवसायिक |
| 4 | 71/04.11.2025 | इमरान पुत्र लालमोहम्मद वार्ड नं. 10, राजगढ (चूरू) | 77.18 वर्गमीटर | 69 क व्यवसायिक |
| 5 | 72/04.11.2025 | लालमोहम्मद पुत्र सारू खां व अफरोज बानो पत्नी लाल मोहम्मद, वार्ड नं. 10, राजगढ (चूरू) | 791.50 वर्गमीटर | 69 क व्यवसायिक |
| 6 | 73/04.11.2025 | इरफान खान पुत्र लाल मोहम्मद, वार्ड नं. 10, राजगढ (चूरू) | 33.51वर्गमीटर | 69 क व्यवसायिक |

(सीताराम मीणा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ (चूरू)